SUNDAY | 15.09.2019
दिल्ली-एनसीआर
amarujala.com

अमर उजाला

राजधानी वर्ष 17 | अंक 157 | पृष्ठ : 12+8+4+4 | मूल्य : चार रुपये
नई दिल्ली
• 7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण



जब हवा में उड़ती हैं कारें

आज मनोरंजन

सिनेमा में कारों के चकनाचूर होने की कहानी जितनी महंगी है, उससे ज्यादा दिलचस्प।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अटके आवासीय प्रोजेक्टों के लिए की मदद घोषणा

विशेष पैकेज की घोषणा से बिल्डर खुश, संशय में खरीदार

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से आवासीय परियोजनाओं के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के विशेष पैकेज पर बिल्डर बेहद खुश हैं। खास तौर पर ऐसे बिल्डरों को काफी राहत मिली है, जिनके कई प्रोजेक्ट 60 प्रतिशत से ज्यादा पूरे हो चुके हैं और पैसे के अभाव में परियोजना रुकी हुई है। ऐसे परियोजनाओं को विशेष पैकेज से 'ऑक्सीजन' मिली है। इस पर बिल्डरों ने अपनी राय दी है। हालांकि, खरीदार पूरी तरह से संशय में हैं।

नोएडा में 65 प्रोजेक्ट पर चल रहा है काम

नोएडा में फिलहाल 65 ऑनगोइंग प्रोजेक्ट हैं, जहां काम चल रहा है। इनमें करीब 90 हजार फ्लैट का पजेशन होना है। वहीं, करीब 30 हजार फ्लैट को कंप्लीशन सर्टिफिकेट मिल चुका है। लेकिन, बिल्डर की ओर से बकाया राशि जमा नहीं करने की वजह से सबलीज डीड नहीं हो पा रही है। इस वजह से रजिस्ट्री अटकी हुई हैं। इसके अलावा बाकी के 60 हजार फ्लैटों में निर्माण कार्य चल रहा है।

आम्रपाली के कितने फ्लैट खरीदारों को मिलेगी राहत

आम्रपाली के 42 हजार में से कितने फ्लैट खरीदारों को विशेष पैकेज से राहत मिलेगी। इस पर अभी कुछ भी कहना संभव नहीं है। क्योंकि कुछ प्रोजेक्ट एनसीएलटी में हैं। वहां अभी यह तय होना बाकी है कि कोर्ट में चल रहे मामलों वाले फ्लैट खरीदारों को भी राहत मिलेगी या नहीं।

कई मध्य-आय और किफायती आवास परियोजनाएं धन की कमी से अटकी हैं। विशेष पैकेज से ऐसी परियोजनाओं को बल मिलेगा। **– मनोज गौड़, एमडी, गौड़ ग्रुप व चेयरमैन अफोर्डेबल हाउसिंग कमिटी, क्रेडाई**

वित्त मंत्री ने रियल एस्टेट सेक्टर में अफोर्डेबल सेगमेंट को बढ़ावा देने के लिए अहम घोषणा की। काफी समय से मांग की जा रही थी। अब जाकर राहत मिली है। **– अशोक गुप्ता, सीएमडी, अजनारा इंडिया लिमिटेड**

परियोजनाओं को 10 हजार करोड़ का विशेष पैकेज त्योहारी सीजन से मिलना अच्छी खबर है। यह रियल एस्टेट क्षेत्र में घर खरीदारों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह सराहनीय कदम है। **– दीपक कपूर, डायरेक्टर, गुलशन होम्स**